भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 978**

उत्तर देने की तारीख : 08.02.2024

**बिना महरम की महिलाओं के लिए हज स्लॉट**

**978. डॉ. उमेश जी. जाधव:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2023 के दौरान हज के लिए सरकार द्वारा किए गए उल्लेखनीय विकास और विशिष्ट उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सामाजिक गतिविधि में परिवर्तन के मद्देनज़र, बिना महरम वाली महिलाओं (एलडब्ल्यूएम) हेतु हाल ही में किए गए 4,314 हज स्लॉटों के आबंटन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार इस संदर्भ में, विशेषकर अल्पसंख्यक महिलाओं के बीच महिला सशक्तिकरण को किस प्रकार बढ़ावा दे रही है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

(क) से (ग): भारत सरकार भारतीय हज यात्रियों के लिए हज अनुभव में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, हज-2023 के दौरान विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत के आधार पर कई सुधार किए गए। हज-2023 के दौरान किए गए सुधारों में अन्य बातों के साथ-साथ शामिल है; सरकार के लिए विवेकाधीन वीआईपी कोटा को समाप्त करना; 2022 में 10 आरोहण स्थलों से बढ़ाकर 2023 में 20 करना; मेहरम के बिना महिलाओं की श्रेणी (LWM) के तहत एकल महिला को बिना समूह के आवेदन करने की अनुमति; भारत में तीर्थयात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग और टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW) और इसकी एजेंसियों की सीधी भागीदारी; और हज अवधि के दौरान सऊदी अरब में अस्पतालों/डिस्पेंसरियों सहित गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा बुनियादी ढांचे की स्थापना; महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्ध तीर्थयात्रियों के लिए हज नीति में विशेष प्रावधान करके हज को समावेशी बनाना; केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPE) से प्रशासनिक प्रतिनियुक्तिकर्ताओं का चयन (जिससे सऊदी अरब में तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर प्रबंध कुशलता और सहायता सुनिश्चित की जा सके); प्रत्येक राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात करना; पिछले वर्षों की तरह एक निश्चित राशि की विदेशी मुद्रा की खरीद को अनिवार्य करने के बजाय तीर्थयात्रियों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार प्रतिस्पर्धी दरों पर एसबीआई के माध्यम से विदेशी मुद्रा की उपलब्धता का प्रावधान करना; भारतीय हज समिति (HCoI) के तीर्थयात्रियों के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क को समाप्त करना; गैर-आवश्यक घटकों को हटाकर भारतीय हज समिति के हज पैकेज की लागत में कटौती करना; भारतीय हज समिति द्वारा प्रति तीर्थयात्री ली जाने वाली बीमा लागत कम करना, एयर चार्टर की बोली की प्रक्रिया को और अधिक व्यापक और समावेशी बनाकर इसमें सुधार करना और भारतीय हज समिति और हज समूह आयोजकों द्वारा प्रदान की जाने

वाली सेवाओं के मूल्यांकन के लिए प्रतिपुष्टि पोर्टल का विकास करना, जिसमें 25000 से अधिक तीर्थयात्रियों की प्रतिपुष्टि प्राप्त हुई, जिसके आधार पर हज 2024 के दौरान आगे और सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए इन सुधारों से भारतीय हज यात्रियों के समग्र हज अनुभव में गुणात्मक सुधार आया है।

(ख) और (ग): परंपरागत रूप से, इस पवित्र धार्मिक यात्रा में मुस्लिम महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के लिए एक प्रमुख बाधा इस यात्रा को करने के लिए साथ जाने वाले पुरुष हाजी यानी मेहरम पर उनकी निर्भरता थी। भारत सरकार द्वारा 2018 में पैंतालीस (45) वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को बिना मेहरम के हज के लिए आवेदन करने की अनुमति देकर इस प्रतिबंध को हटा दिया गया था, जिसमें पात्र महिलाओं के लिए चार (4) के समूहों में LWM श्रेणी के तहत तीर्थयात्रा करने का प्रावधान किया गया था।

हज-2023 के दौरान, पहली बार, भारत सरकार ने एकल पात्र महिलाओं को भी व्यक्तिगत रूप से एलडब्ल्यूएम श्रेणी के तहत हज-2023 के लिए आवेदन करने की अनुमति दी। हज 2023 में व्यक्तिगत महिला आवेदकों पर चार का एक समूह बनाने की जिम्मेदारी खत्म कर दी गई। इसके परिणामस्वरूप सर्वकालिक उच्च भागीदारी हुई, 4000 से अधिक सफल महिला आवेदकों ने हज 2023 में आवेदन किया, जिससे अत्यधिक आत्मविश्वास, व्यक्तिगत स्वतंत्रता में वृद्धि हुई और सामाजिक गतिशीलता में भी तेजी आई। इन पहलों ने लैंगिक समावेशिता और महिला सशक्तीकरण के लिए सकारात्मक समर्थक के रूप में भी काम किया है। मौजूदा हज के दौरान LWM श्रेणी के तहत आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या 5000 से अधिक हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20% की वृद्धि है।

LWM श्रेणी के तहत आवेदनों को प्रोत्साहित करने के अलावा, LWM श्रेणी के तहत तीर्थयात्रियों की यात्रा को और अधिक आसान और सुगम बनाने के लिए प्रशासनिक तौर पर निम्नलिखित उपाय किए गए हैं: -

i. किसी एकल पात्र महिला तीर्थयात्री, जो एलडब्ल्यूएम श्रेणी के तहत आवेदन करना चाहती है, के आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण।
ii. राज्य हज समितियों को यह निदेश दिया गया कि वे चार या उससे अधिक योग्य आवेदको को एक समूह को बनाने में सहायता प्रदान करें।
iii. सऊदी अरब गणराज्य (KSA) की हवाई यात्रा के दौरान महिलाओं की सहायता के लिए महिला खादिम-उल-हुज्जाज के साथ निर्दिष्ट आरोहण स्थानों से निर्धारित उड़ानें संचालित की गईं।
iv. मेहरम रहित श्रेणी की एकल महिला हाजियों के ठहरने के लिए निर्धारित भवन उपलब्ध कराए गए थे। इन महिला तीर्थयात्रियों और उनके सामानों की सुरक्षा के लिए निर्धारित महिला समन्वयक, हज अधिकारी, हज सहायक और खादिम उल हुज्जाज को तैनात किया गया था। इसके अलावा, स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी मुद्दों की देखभाल के लिए इन इमारतों में महिला डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स को तैनात किया गया था।
v. सऊदी अरब में जहां भी आवश्यकता थी, LWM श्रेणी के तीर्थयात्रियों के प्रवास के दौरान उनके यातायात के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की गई थी।

******